**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 4304**

**दिनांक 20 दिसंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**नर्सिंग प्रशिक्षण महाविद्यालय**

**4304. डॉ. राजकुमार सांगवान:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार उत्तर प्रदेश राज्य में नर्सिंग प्रशिक्षण महाविद्यालय स्थापित करने पर विचार कर रही है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

(क) से (ग): "नर्सिंग शिक्षा संवर्धन-मेडिकल कॉलेज के साथ सह-स्थान पर नए नर्सिंग कॉलेज की स्थापना" संबंधी केन्द्रीय प्रायोजित योजना (सीएसएस) के तहत उत्तर प्रदेश के बस्ती, फैजाबाद, फिरोजाबाद, शाहजहांपुर, बहराइच, एटा, हरदोई, प्रतापगढ़, फतेहपुर, सिद्धार्थनगर (डुमरियागंज), देवरिया, गाजीपुर, मिर्जापुर, बिजनौर, कुशीनगर, सुल्तानपुर, गोंडा, ललितपुर, लखीमपुर खीरी, चंदौली, बुलंदशहर, सोनभद्र, पीलीभीत, औरैया, कानपुर देहात, कौशांबी और अमेठी जिलों में 27 नर्सिंग कॉलेज अनुमोदित किए गए हैं।

इसके अलावा, उपर्युक्त स्थानों पर 27 नए नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना के लिए केंद्रीय हिस्से की पहली किस्त के रूप में 54.00 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है।

******